कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email :- cmhosarangarh2022@gmail.com Telephone:- 07768-299051

क्र./स्था/एनएचएम/2024/2080 सारंगढ़, दिनाँक 09/02/24

# Walk in Interview for District Project Coordinator
## Under SNA ABPMJAY, DKBSSY, & MVSSY

राज्य नोडल एजेंसी, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संचालित योजनाओं में District Project Coordinator पद पर संविदा नियुक्ति हेतु सादे कागज पर अपना पूरा नाम, आयु, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव दर्शाते हुए (योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों (शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र आयु प्रमाण पत्र) की छाया प्रतिलिपियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो सहित Walk in Interview हेतु दिनांक **20.02.2024** को समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के मध्य, स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.) के में उपस्थित हो सकते हैं।

**नियम एवं शर्तों की कॉपी NIC रायगढ़ की वेबसाइट raigarh.gov.in पर उपलब्ध है।**

| **Name of Post** | **District Project Coordinator** |
|---|---|
| No. of Post | 01 Unreserved |
| Age | Below 45 years |
| Educational Qualification | MPH/MBA(Health) /MHA /PGDHM/ Degree From Recognized University<br>**OR**<br>MCA/B.E. (Computer Science) /B.Tech. (Computer Science/IT) From recognized University with 02 Year Post Qualification Experience.<br>**OR**<br>Graduate from recognized university with 02 years post qualification work experience in State Nodal Agency Chhattisgarh Scheme. |
| Other Qualification | • Computer proficiency with high level Familiarity with commonly used packages like MS word, Excel, Power Point, MS Excess knowledge of data packages is highly desirable.<br>• Excellent communication & presentation skills sound comprehension, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English & Hindi<br>• Demonstrated ability to work in multi-disciplinary team environment.<br>• High initiative taking capacity and familiarity with socio- culture and socio- economic condition of Chhattisgarh state will be a pre-requisite. |
| Remuneration | Up to 35,000 per month (Consolidated) Based on previous salary and experience. |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email :- cmhosarangarh2022@gmail.com Telephone:- 07768-299051

क्र./स्था/एनएचएम/2024/ 2080 सारंगढ़, दिनाँक 09/02/2024

## //नियम एवं शर्तें//

संचालक स्वास्थ्य सेवायें सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल अधिकारी छ.ग. का पत्र क्रमांक/40/2023/15–1/11/489 रायपुर, दिनांक 23.05.2023 के परिपालन हेतु नवीन जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ के रिक्त पद District Project Coordinator के चयन प्रक्रिया वाक् इन इंटरव्यु किये जाने हेतु निम्नलिखित नियम एवं शर्ते निर्धारित की गई है।

- दिनांक 20.02.2024 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक आवेदन जमा लिया जायेगा।
- **पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी करनाः–** प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/चयन तथा साक्षात्कार हेतु आहुत किया जावेगा।

**तालिका**

| क्र. | कुल विज्ञापित पद की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 01 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |

- **अंतिम चयन सूचीः–** निम्नानुसार अंतिम चयन सूची तैयार की जायेगी।

शैक्षणिक योग्यता का – 65 % वांछित अनिवार्य योग्यता
अनुभव – अधिकतम 10 अंक
**(विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के कॉलम में उल्लेखित योग्यता के अनुरूप को छोड़कर)**

- अनुभव अंक का निर्धारण – केन्द्र और राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय/अर्धशासकीय पदों पर विज्ञप्त पद से संबंधित कार्य अनुभव एवं लोक स्वास्थ्य के कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक दिया जायेगा। अधिकतम 10 अंक।
- साक्षात्कार परीक्षा – 25 अंक
- **आवेदन संबंधी दिशा निर्देशः–**

1. प्रत्येक आवेदकों को चाहिये की विज्ञापन में दिये गये दिशा निर्देशो में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें यदि कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उक्त अपूर्णता के आधार पर आवेदन को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाना होगा।
3. उपरोक्त पद पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विश्व विद्यालय से शैक्षणिक योग्यता अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति स्वयं सत्यापित कर संलग्न करें। संलग्न नही किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ को होगा।
4. नियुक्ति संविदा आधार पर पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगा।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Email :- cmhosarangarh2022@gmail.com Telephone:- 07768-299051


- **संविदा अवधि एवं संविदा नियमः–**

1. संविदा सेवा की अवधि उपस्थिति देने की तिथि से 31.03.2024 तक अथवा परियोजना की समाप्ति तक जो भी पहले समाप्त हो रही हो तक होगी। जो कि प्रत्येक वर्ष कर्मचारी की वार्षिक कार्य मूल्यांकन कर अनुशंसा, संविदा सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जा सकेगा।
2. संविदा सेवा की अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा।

- **भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश–**

1. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अहर्ताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे अन्यथा आवेदन निरस्त किये जायेंगें।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थाओं का ही मान्य होगा।
4. विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो तो उनके चयन के प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगा।
    1. शैक्षणिक योग्यता का भारांक अंक
    2. साक्षात्कार का अंक
    3. आयु (अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
5. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता कर्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
6. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ को होगा।
7. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर पर सुधारी जा सकती है। ऐसा त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
8. अभ्यर्थी को उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. आवेदक द्वारा नियुक्ति हेतु किसी भी प्रकार की सिफारिश या राजनीतिक दबाव आदि अनैतिक हथकंडे, दबाव बनाने पर आवेदक के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही कर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जावेगा।
10. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
11. निर्धारित तिथि/समय पश्चात उपस्थित आवेदकों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. आपराधिक प्रवृत्ति एवं कदाचार व अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला – सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

आवेदित पद का नाम.................................................................................................................

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................
   (अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में) :– ..........................................................
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................
3. माता का नाम :– ..........................................................
4. अ) जन्म तिथि (अंको में) :– ..........................................................
   ब) आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में :– वर्ष..........................माह..............................दिन..............................
5. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :– ..........................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें )
6. क्या आप शासकीय सेवा के लिए मेडिकल प्राधिकारी द्वारा अयोग्य ठहराये गये है
   (यदि हॉ हो ता पूर्ण विवरण लिखें) :– ..........................................................
7. क्या आप किसी न्यायालय/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/शैक्षिक संस्था में आपके विरूध कोई मामला लंबित है
   (यदि हॉ तो पूर्ण विवरण लिखें) :– ..........................................................
8. क्या आप किसी आपराधिक प्रकरण में गिरिफ्तार किये गये है क्या आप पर अभियोजन चलाया गया है (यदि जुर्माना हुआ है या आप किसी आपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये गये है तो पूर्ण विवरण दें तथा साथ में अपराध कं धारा जिला सहित पूर्ण विवरण दर्शाये) :– ..........................................................
9. यदि आप शासकीय/अर्द्धशासकीय कर्मचारी तथा छ.ग. राज्य/निगम/मण्डल के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी है।
   (यदि हॉ तो पूर्ण विवरण लिखें) :– ..........................................................
   (तथा अपने विभागाध्यक्ष का एन.ओ.सी. संलग्न करें) :– ..........................................................
10. स्थायी निवास का पता :– ..........................................................
    ..........................................................
    ..........................................................
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................................
    ..........................................................
    ..........................................................

    मोबाईल/दूरभाष नम्बर ..........................................................

    ईमेल आई.डी ..........................................................

12. रोजगार पंजीयन क्रमांक स्थान एवं दिनांक :– ..........................................................
    :– ..........................................................

13. शैक्षिक योग्यता (वांछित शैक्षिणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें):–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :– ..........

1. दसवीं/बारहवीं की अंकसूची :– ..........
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षो का) :– ..........
3. मूल निवास प्रमाण पत्र :– ..........
4. पहचान पत्र (आधार/वोटर आईडी/पेन कार्ड) :– ..........
5. अन्य संलग्नों का विवरण :– ..........

1.......... 2..........

3.......... 4..........

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण हैं। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कि जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान..........

दिनांक..........

नाम..........

पता..........